दीपावली पर्व पर घर.आंगन हुए रांगोली और दीपकों से रोशन



झाबुआ।' दीपावली पर्व शहर में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया।दीपावली के पावन अवसर पर घर.आंगन रांगोली के रंगों, दीपकों और आकर्षक विद्युत सज्जा से जगमग हुए। शहर में दिनभर दीपावली पर खुशियों भरा वातावरण बना रहा। बाजार में दिनभर खरीददारी का दौर चलता रहा। संध्याकाल लोगों ने विजयी मुहूर्त में अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों में महालक्ष्मी, महासरस्वती एवं प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश और धन के देवता भगवान श्री कुबेर की विशेष पूजा.अर्चना कर रातभर आतिशबाजी का दौर चला। अगले दिन नववर्ष पर लोगों ने एक.दूसरे के घरों पर पहुंचकर दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ विशेष व्यंजनों का लुत्फउठाया।

दीपावली पर दिनभर बाजार में चला खरीदारी का दौर .' दीपावली पर्व पर सुबह से ही बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहीं। बाजार में सुबह से लेकर रात तक खरीदी का दौर चलता रहा। लोगों ने सजे बाजार में पूजन के लिए फूलों, पुष्पमालाओं, गन्नों, धानी पताशे, नारियल आदि की खरीदी के साथ किराना एवं पूजन सामग्री, छोटलों एवं एवहरप्रेश दुकानों पर दिनभर भीड़ बनी रहीं। दीपावली पर हाट बाजार का दिन होने से बाजार में शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से लोगों की भीड़ दुगुना रहीं। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस थाना एवं ट्रैफिक पुलिस की ओर से मुख्य बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के साथ जगह.जगह बैरिकेट्स लगाकर पुलिस एवं यातायात आरक्षकों की तैनाती की गई। 'घर.आंगन हुए दीपकों से रोशन और जगमग .' दीपावली पर्व पर संध्याकाल घर.आंगन रांगोली के रंग.बिरंगे रंगों, दीपकों और विद्युत रोशनी से चकाचौंध हुए। युवा ज्योतिषाचार्य पंण् जैमिनी शुक्ला के अनुसार दीपावली पर्व पर शाम 6ण्30 बजे से 8ण्45 बजे तक एवं रात 9ण्45 से 10ण्30 बजे तक का मुहूर्त शुभ होने से सनातन धर्म से जुड़े लोगों ने मुहूर्त में महालक्ष्मी, महासरस्वती एवं प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश तथा धन के देवता श्री कुबेर की विशेष पूजा.अर्चना की। भक्तजन महालक्ष्मीजी के आगमन को लेकर लालायित एवं उत्साहित नजर आए। ढोल.धमाकों और विधि.विधान से मंत्रोच्चार के साथ घर.घर महालक्ष्मीजी की पूजन का आयोजन हुआ। बाद लोगों द्वारा आतिशबाजी कर दीपावली पर्व की खुशियां मनाई गई। दिनभर प्रत्यक्ष एवं सोशल मीडिया पर भी दीपावली एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देने का क्रम चलता रहा।

घर.घर मेहमान नवाजी का चला दौर

अगले दिन नववर्ष पर लोगों ने अलसुबह जल्दी उठकर आतिशबाजी करने के साथ जल्दी स्नान कर और नए वस्त्र धारणकर समीपस्थ मंदिरों में जाकर पूजा.अर्चना की। बाद घरों में बड़े.बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दिन विशेष व्यंजनों का लुत्फ उठाने के साथ घर आने वाले मेहमानों की नवाजी भी विशेष व्यंजनों से की गई। सनातन धर्म में इस दिन से नववर्ष की शुरुआत होने के साथ गोवर्धन पूजा का भी विशेष महत्व रहता है।



पीपलपानी गौशाला में गौ-पूजन कर लिया संरक्षण का संकल्प

खकनार। गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम पीपलपानी स्थित दुर्गेश्वरी गौशाला में भाजपा खकनार मंडल अध्यक्ष महेन्द्र जोगी के नेतृत्व में गौ-पूजन एवं गौसेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन पर केंद्रित संबोधन का टेलीविजन के माध्यम से सीधा प्रसारण भी सुना गया। इसके बाद विधि-विधान से गौ-पूजन कर गौमाता को प्रसाद ग्रहण कराया गया। **गौसेवा को बताया पर्व का मूल भाव;**कार्यक्रम में गौवंश की सेवा और संरक्षण को धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए गौसेवा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, किसान मोर्चा जिला महामंत्री कुंदन यादव, मंडल पदाधिकारी मुकेश मावस्कार, राजकुमार मावस्कार, ग्राम सरपंच, सचिव, सह-सचिव सहित ग्रामीण गौसेवक उपस्थित रहे।

गोवर्धन पूजा में गोवंश संरक्षण का संदेश, डोंगरगांव की गोशाला में जुटे जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी







नेपानगर। गोवर्धन पूजा का पर्व केवल धार्मिक आस्था और परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति, पशुधन और ग्रामीण जीवन के प्रति सम्मान का भी प्रतीक है।

इसी भाव के साथ गोवर्धन पूजा के अवसर पर नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव स्थित श्री संत सेवालाल महाराज गोशाला में पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही। विधि-विधान से गोवर्धन पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

गोवंश और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व-कार्यक्रम में गोवंश संरक्षण, संवर्धन और सेवा को सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए इनके प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। गोवर्धन पूजा के पारंपरिक महत्व के साथ गोसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को भी प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का वर्चुअल माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

लोकसभा से विधानसभा तक जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी:-पूजन कार्यक्रम में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटणीस और नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू शामिल हुए। इनके साथ जनपद बुरहानपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरहरी दीक्षित, जिला पंचायत से अनिल राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, भाजपा जिला मंत्री सुनील वाघे और रुद्रेश्वर एंडोले सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों की भी रही सहभागिता:कार्यक्रम में प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर विवेक कुमार, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सृजन वर्मा भी मौजूद रहे। धार्मिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता भी देखने को मिली।

झाबुआ। दीपावली पर्व के अगले दिन सनातन धर्म से जुड़े लोगों द्वारा नववर्ष मनाने के साथ गोवर्धन.पूजा के अवसर पर गौ.माताओं का सुंदर रूप से श्रृंगार किया गया। गौ.माताओं की सामूहिक पूजन.आरती की गई। इसके साथ ही दिनभर शहर में दीपावली एवं नववर्ष की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष बधाई देने का क्रम भी चलता रहा। इस दिन कार्तिक अमावस्या होने से कई लोगों द्वारा 10 नवंबर, मंगलवार को नववर्ष मनाया जाएगा।



नववर्ष एवं श्री गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौ.माताओं का किया गया श्रृंगार

उल्लेखनीय है कि जिस तरह ब्रज में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर गोपियों और ग्वालों के साथ समस्त गौ.माताओं की रक्षा की थी। उसी प्रकार 9 नवंबर, सोमवार को श्री गोवर्धन पूजा के अवसर पर शहर में सतोगिया समाज द्वारा अपने.अपने घरों पर गौ.माताओं का रंग.बिरंगे रंगों, फूलों, चमकीली पन्नीयों, मोर पंखों आदि से सुंदर श्रृंगार किया गया। बाद गौ.माता की विधि.विधान से पूजा.अर्चना कर आरती की गई। सतोगिया समाज के वरिष्ठ हरिभाई सतोगिया ने बताया कि उन्होंने अपने निवास पर गुरुदेव आचार्य पंण् दशरथनंदन जानी के सानिध्य में गौ.माताओं का सुंदर श्रृंगार कर पूजन.आरती की। इस दिन शहर के लक्ष्मीनगर स्थित सदगुरु गौशाला एवं ग्राम चारोलीपाड़ा स्थित श्री कृष्ण गौ.सेवा सदन में गो.भक्तों द्वारा गौ.माताओं की सेवा करते हुए उनकी पूजन कर पौष्टिक आहार करवाया गया। इस दिन कार्तिक अमावस्या होने से शहर के समीपस्थ देवझिरी तीर्थ स्थल पर मां नर्मदा सेवा समिति द्वारा पूरे मंदिर एवं परिसर की सफाई कर दीपकों से आकर्षक रोशनी की गई एवं श्री संकट मोचन महादेव का विशेष अभिषेक, श्रृंगार कर आरती.प्रसादी का आयोजन हुआ। नववर्ष के उपलक्ष में शहर के मंदिरों में भी विशेष आयोजनों के साथ श्रद्धालुओं की दर्शन.पूजन के लिए दिनभर भीड़ देखने को मिली।? '



यादव समाज ने परंपरागत तरीके से किया गोवर्धन पूजन।

नेपानगर। गोवर्धन पूजा के अवसर पर यादव समाज की पारंपरिक परंपरा के अनुसार विजय यादव ने परिवार एवं समाजजनों के साथ गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान दीप, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

परंपरा और संस्कृति का संदेश: गोवर्धन पूजन के माध्यम से यादव समाज ने गोवंश के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता की परंपरा को आगे बढ़ाया। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक रीति-रिवाजों से जोड़ने का भी माध्यम बना।

अमझेरा में दिवाली पर युवाओं की हुड़दंगलीला से लोग हुए परेशान एक-दूसरे पर फेके सुलती बम और राकेट देर रात्री तक मचाया उत्पात

अमझेरा विक्रमसिंह राठौर - दिपावली का पर्व मर्यादा,आस्था परंपरार और खुशियों को बांटने का पर्व होता है लेकिन इसके ठिक विपरीत यहां के युवाओं ने पर्व को अमांदित रूप से मनाते हुए रविवार की रात्री में पुराने बस स्टेण्ड पर करीब 2 घंटे से ज्यादा समय तक हुड़दंगलीला करते हुए एक दुसरे के उपर लगातार सुतलीबम ओर राकेट फेके और आकाशतारा बम जो लगातार एक के बाद एक छुटते है उसे हाथ में लेकर दुसरे युवाओं पर छोडे। बस स्टेण्ड पर दिवाली की रात्री में बड़ी संख्या में विभिन्न मोहल्लो से एकत्रित हुए युवा दो दलो में बंट गये और फिर एक दुसरे पर शोर-शराबा करते हुए लगातार सुतलीबम फेकने लगे एवं राकेट भी निशाना लगाकर छोड़ने लगे । इन युवाओं की हरकत से आस-पास के लोग ओर दुकानदार परेशान हुए वहीं इन्हे समझाईश भी दी गई लेकिन किसी की बात नहीं सुनते हुए ये युवा पुरी तरह से मनमानीपूर्वक दिवाली की देर रात्री तक हुड़दंग करते रहे। गनीमत रही कि इनके द्वारा फेके गये बम ओर राकेट से किसी दुकान या घर में आग नहीं लगी वहीं बस स्टेण्ड ओर इसके आस-पास बड़ी संख्या में कार व मोटरसाईकिले भी खड़ी थी जिससे बड़ा जान-माल का नुकसान भी हो सकता था। इस दौरान अमझेरा पुलिस की कोई गश्ती नहीं होने से भी ये युवा देर रात्रि तक अपनी मनमानी करते रहे।



सकल व्यापारी संघ द्वारा व्यापारियों को 10 एवं 20 रूपए के सिक्कों का किया गया वितरण

झाबुआ। दीपावली पर्व के अवसर पर शहर के बाजार में छोटे लेन.देन में व्यापारियों को सुविधा उपलब्ध करवाने एवं खुदे पैसों की समस्या के समाधान हेतु सकल व्यापारी संघ झाबुआ द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया राजवाड़ा के सहयोग से विशेष सिक्का वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सकल व्यापारी संघ के सदस्यों एवं सभी व्यापारियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 10 एवं 20 रूपए के सिक्के वितरित किए गए। इस पहल से दीपावली के दौरान व्यापारियों को ग्राहकों के साथ लेन.देन करने में सुविधा मिली तथा खुदे पैसों की परेशानी से राहत देखने को मिली। प्रति व्यापारी को 2 हजार रुपए के सिक्के प्रदान किए गए। सकल व्यापारी संघ अध्यक्ष पंकज जैन मोगरा एवं सचिव संदीप जैन राजरतन ने इस सहयोगात्मक पहल के लिए स्टेट बैंक ऑफइंडिया के प्रबंधक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार माना।

भाजपा कार्यालय के पीछे मेडिकल वेस्ट का ढेर, संक्रमण का खतरा

सारंगपुर । शहर में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों की लापरवाही का मामला सामने आया है। स्थानीय भाजपा कार्यालय के पीछे और सिविल अस्पताल के पास पैथोलॉजी लैब में खून की जांच के बाद निकलने वाले सैंपलों एवं मेडिकल वेस्ट का ढेर लगा हुआ दिखाई दे रहा है। खुले स्थान पर पड़े इस कचरे ने स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, पैथोलॉजी लैब में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के ब्लड सैंपल लेकर उनकी जांच की जाती है। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद निकलने वाले उपयोग किए गए सैंपल, टेस्ट ट्यूब, सिरिंज और अन्य जैव चिकित्सा अपशिष्ट का नियमानुसार निस्तारण किया जाना आवश्यक है। इसके बावजूद यदि इस तरह का मेडिकल वेस्ट खुले में फेंका जा रहा है तो यह गंभीर लापरवाही का विषय है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि खुले में पड़े ब्लड सैंपल और मेडिकल वेस्ट के संपर्क में आवारा पशु, बच्चे या अन्य लोग आ सकते हैं। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। नियमानुसार इस प्रकार के जैव चिकित्सा अपशिष्ट को सामान्य कचरे से अलग रखकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट किया जाना चाहिए। अब सवाल यह है कि सिविल अस्पताल के पास और भाजपा कार्यालय के पीछे इस तरह मेडिकल वेस्ट खुले में कैसे पहुंचा? स्वास्थ्य विभाग जांच कर संबंधित पैथोलॉजी लैब की जिम्मेदारी तय करता है या नहीं, यह देखना होगा।

आष्टा में दीपावली की पड़वा पर मंदिर के सामने एक फीट गाड़ते हैं ; आरती के बाद बच्चा भी उखाड़ देता है

ग्रामीण जसमत में पुवारिया का पौधा नहीं उखाड़ पाते



बाबू पांचाल आष्टा। सीहोर जिले के आष्टा विकासखंड के ग्राम जसमत में दीपावली की पड़वा पर जंगली पुवारिया का पौधा मंदिर के सामने गाड़ा जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक, आरती होने तक कोई इसे उखाड़ नहीं पाता। आरती के बाद एक छोटा बच्चा भी पौधा उखाड़ देता है।

ग्राम के कोतवाल महेश कुमार मालवी और पटेल गोपाल सिंह पौधे को सबके सामने एक फीट गहराई में गाड़ते हैं। इसके बाद ग्रामीण और आसपास के गांवों से आए लोग उसे उखाड़ने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग हाथ जोड़कर लौट जाते हैं, जबकि कई लोग अपनी ताकत आजमाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। उन्हें इसकी शुरुआत के बारे में जानकारी नहीं है। वे बताते हैं कि यह प्रथा उनके पूर्वजों के समय से जारी है। गांव के लोग इसे हनुमान जी की शक्ति और भक्ति से जोड़ते हैं। गांव में आईपीएस और आईएएस अधिकारी भी रहते हैं, जो पड़वा के दिन मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं।

सोशल मीडिया पर प्रचार के बाद इस परंपरा को देखने के लिए पड़वा के दिन गांव में भीड़ जुटने लगी



CHANGE OF NAME
I, Mufaddal Kagdi, holder of Indian Passport No. AU521022, presently residing in Kuwait, hereby declare that my daughter Batul, holder of Indian Passport No. C2387834, permanently residing at 15 Najampura, Tripoliya Gate, Ratlam, 457001, India, shall henceforth have her name recorded as Batul Kagdi, where "Batul" shall be her given name and "Kagdi" shall be her surname.

CHANGE OF NAME
I, Mufaddal Kagdi, holder of Indian Passport No. AU521022, presently residing in Kuwait, hereby declare that my daughter Insiya Mufaddal, holder of Indian Passport No. C9442604, permanently residing at 15 Najampura, Tripoliya Gate, Ratlam, 457001, India, shall henceforth have her name recorded as Insiya Kagdi, where "Insiya" shall be her given name and "Kagdi" shall be her surname.

नाम परिवर्तन सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MOHMMED MAJID था जो कि पुराना नाम है अब मैंने मेरा नाम परिवर्तित कर नया नाम MOHAMMAD MAJID रख लिया है अब से मुझे मेरे नए नाम MOHAMMAD MAJID के नाम से जाना एवं पहचाना व पुकारा जावे।
प्रेषक
NEW NAME MOHAMMAD MAJID R/O
108,NAYA PURA RATLAM M.P.457001